# ई.ई.एस.एल. फर्म के ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट में 400 करोड़ रुपए का बड़ा घोटाला?

## स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा 18 अक्टूबर 2023 को लिखी गई नोटशीट सामने आयी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राज्य के तमाम शहरों में ऊर्जा बचत (एनर्जी सेविंग) के नाम पर ई.ई.एस.एल. कंपनी द्वारा लगाई गई एल.ई.डी. लाइट्स में 400 करोड़ रुपये के घोटाले की बात सामने आयी है। स्वायत्त शासन विभाग के तत्कालीन विद्युत अभियंता ने गत 18 अक्टूबर 2023 को अपनी नोटशीट में इसका जिक्र किया है। उन्होंने यह टिप्पणी इस कंपनी को शेष रकम के भुगतान को लेकर प्रस्तुत फाइल पर की थी। इसके साथ ही उन्होंने निदेशालय की लेखा शाखा से 6 अक्टूबर 2023 को जारी हुए यू.ओ. नोट का हवाला भी दिया है। सूत्रों की मानें तो ई.ई.एस.एल. कंपनी को ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट के 1100 करोड़ रुपये में से 434 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम का भुगतान किया जा चुका है।

सूत्रों की मानें तो नोटशीट में मुख्य अभियंता ने लिखा है कि, स्वायत्त शासन विभाग को शिकायत मिली है कि ई.ई.एस.एल. कंपनी ने प्रदेशभर में 10 लाख लाइट्स की जगह मात्र 7 लाख लाइट्स लगाई है, इसलिए जब तक नगरीय निकायों द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता, तब तक इस कंपनी को कोई भुगतान नहीं किया जाए। नगरीय निकायों द्वारा सर्वे करवाने पर ही लगाई गई एल.ई.डी. लाइट्स और सी.सी.एम.एस. संख्या की वास्तविक गणना हो सकेगी।

- **नोटशीट में लिखा गया है कि, स्वायत्त शासन विभाग को शिकायत मिली है कि इस कंपनी ने 10 लाख लाइट्स की जगह मात्र 7 लाख लाइट्स लगाई है, इसलिए जब तक नगरीय निकायों द्वारा सर्वे नहीं कर लिया जाता, तब तक कोई भुगतान न किया जाए**
- **नोटशीट में यह भी लिखा गया है कि, हाल ही में अलवर नगर परिषद् द्वारा स्वयं सर्वे करवाने पर वहां, 4642 एल.ई.डी. लाइटें कम मिली। रील द्वारा ई.ई.एस.एल. के कामों की थर्ड पार्टी जांच की गई है, लेकिन इसमें पारदर्शिता नहीं है।**
- **चूंकि ई.ई.एस.एल. कंपनी को ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट के 1100 करोड़ रुपये में से 434 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में अपील दायर हो चुकी है, इसलिए अदालत के फैसले से पूर्व भुगतान उचित नहीं होगा**

उन्होंने नोटशीट में आगे लिखा कि, हाल ही में अलवर नगर परिषद् द्वारा स्वयं सर्वे करवाने पर वहां, 4642 एल.ई.डी. लाइटें कम मिली, जो कि इस कंपनी द्वारा लगाई गई थी। चूंकि ई.ई.एस.एल. कंपनी के शेष बकाया बिलों के प्रमाणीकरण से पूर्व एम.एन.आई.टी. से थर्ड पार्टी जांच करवायी जानी है, जो कि नहीं हो रही। पूर्व में भी इस कंपनी से प्राप्त ऊर्जा बचत बिलों से तृतीय पार्टी जांच के नाम पर 20 से 30 प्रतिशत राशि रोकी गई है। चूंकि रील द्वारा ई.ई.एस.एल. कंपनी के कामों की तृतीय पार्टी जांच करवायी जाती है, लेकिन रील के काम में पारदर्शिता नहीं है। जिन नगरीय निकायों में एल.ई.डी. लाइट्स की संख्या कम मिली है, वहां पर रील द्वारा थर्ड पार्टी जांच की गई थी। इससे स्पष्ट होता है कि अगर रील के द्वारा सही प्रकार से निरीक्षण नहीं किया गया है। अगर रील की जांच रिपोर्ट के आधार पर कंपनी को भुगतान किया जाता है तो इससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है।

चूंकि ई.ई.एस.एल. कंपनी के ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट के शेष बकाया भुगतान के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में अपील संख्या 12750/2023 दायर हो चुकी है, इसलिए न्यायालय स्तर पर मामला विचाराधीन होने के कारण भी इस कंपनी को भुगतान किया जाना फिलहाल ठीक नहीं होगा।

मुख्य अभियंता ने अपनी नोटशीट में आगे लिखा कि, ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट को लेकर प्रदेश की करीब-करीब सभी नगरीय निकायों से शिकायतें मिल रही है, जब तक उन शिकायतों का निस्तारण नहीं कर लिया जाता, जब तक भुगतान उचित नहीं होगा। इन सभी शिकायतों से कंपनी के प्रतिनिधियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। इसके अलावा जिन निकायो में ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट समाप्त हो चुका है, वहां पर कई बार आदेश देने के बावजूद कंपनी ने नगरीय निकायों को हैंडओवर/टैकओवर नहीं किया जा रहा है। इसलिए इस पूरे प्रकरण में उपरोक्त तथ्यों की जांच के बाद ही भुगतान करना ठीक होगा। अब तक ई.ई.एस.एल. कंपनी को ऊर्जा बचत प्रोजेक्ट के 1100 करोड़ रुपये में से 434 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम का भुगतान किया जा चुका है।

> **जयपुर ग्रेटर नगर निगम की साधारण सभा में मैंने कई बार ई.ई.एस.एल. कंपनी का मुद्दा उठाया। अब स्वायत्त शासन विभाग के अफसर इस कंपनी के कामों पर सवाल उठा रहे हैं। अलवर नगर परिषद् में एल.ई.डी. लाइटें कम मिलना गंभीर बात है। जयपुर नगर निगम की बोर्ड मीटिंग में भी इस कंपनी के कामों की थर्ड पार्टी जांच करवाने का फैसला स्वयं महापौर सौम्या गुर्जर ने लिया था, इसके बावजूद अधिकारी आंखें बंद करके कंपनी की गड़बड़ियों पर पर्दा डालने में लगे है।**
>
> सुखप्रीत बंसल, चेयरमैन
> विद्युत समिति, जयपुर ग्रेटर निगम

# काव्य पाठ से श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध




**संपर्क संस्थान की ओर से जयपुर में डॉ.सुलोचना शर्मा का भव्य सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। शिक्षा,साहित्य और सामाजिक सरोकारों में अग्रणी संपर्क संस्थान की ओर से बुधवार को जयपुर में डॉ.सुलोचना शर्मा का भव्य सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

बूंदी की प्रख्यात कवयित्री डॉ. सुलोचना शर्मा को वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज,अरुण जोशी, मनोज शर्मा ज्योति जोशी,संगीता सक्सेना और रेनू शब्दमुखर ने शाल ओढ ाकर संपर्क साहित्य सम्मान भेंट किया।

इस अवसर पर डॉ.सुलोचना शर्मा ने संपर्क संस्थान के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए अपनी कविताएं पार नहीं, सखी ! ऋतु बासंती आई, सच कहने से कतराने लगे हैं जैसी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने जीवन दर्शन के दो पक्ष बताते हुए कहा कि ईश्वर द्वारा प्रदत्त सुंदर दुनिया में हम सबकी किसी ने किसी रूप में अपना योगदान देने की जिम्मेदारी है, तभी हमारे मनुष्य होने की सार्थकता है। उन्होंने तुम्हारा होना और पीढ़ि यों का पानी शीर्षक से अपनी दो लघु कविताओं का भी पाठ किया।

संपर्क संस्थान की महासचिव समन्वयक रेनू शब्दमुखर ने संपर्क के विशद कार्यों का परिचय देते हुए अपनी कविता मेरे पिता सुनाई।

काव्य गोष्ठी में युवा कवि हर्षवर्धन पांडे की मां और बचपन व मनोज शर्मा की पिता पर भावपूर्ण कविता ने सबकी आँखे नम कर दी। काव्यपाठ की श्रृंखला में अरुण जोशी ने आओ कुछ मन की करे, डॉ.ज्योति जोशी ने आध्यात्मिक कविता, सुशीला शर्मा ने यह नारी है बड़ी अद्भुत कमलेश शर्मा ने अनकहे शब्द, दीपाली वार्ष्णेय ने बुजुर्गों की सेवा,रमा भाटी ने बेगाने ख्वाब, डॉ संगीता सक्सेना ने चांद का मुंह टेढ ा ही नहीं वीभत्स भी है,युवा कवि जगदीश पटेल ने आखिरी इंसान ही तो हूं, शिल्पी पचौरी ने किसका ख्याल, दीपक श्रीवास्तव ने कोई नाराज नहीं,आशीष विद्यार्थी ने भीड़ भरे शहर में, राधेश्याम ने राधे तू रहना होशियार जैसी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अक्षिणी भटनागर ने किया।

# नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती से होटल में दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में दोस्ती कर एक युवती को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपी ने युवती को खुद के जन्मदिन पर पार्टी के बहाने होटल में मिलने बुलाकर नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपित ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया और शादी करने का झांसा देकर देहशोषण करता आ रहा है। इस संबंध में पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि झालाना निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपी हिमांशु वाल्मिकी नाहरगढ़ रोड का रहने वाला है और मालवीय नगर क्रिस्टल मॉल में स्थित एक सैलून में नौकरी करता है। पीडिता सैलून में हेयर कट करवाने के लिए जाती थी तो जनवरी-2022 में हिमांशु ने उससे दोस्ती कर ली और फिर बाद बातचीत करने के साथ इधर-उधर साथ में घूमने भी जाने लगा। पीडिता का आरोप है कि आरोपित हिमांशु खुद का जन्मदिन होने की बताकर पार्टी के लिए दोस्त के होटल में मिलने बुलाया। होटल में नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया और बेहोशी की हालत में उसके अश्लील वीडियो बना लिए। होश में आने पर पीडिता ने विरोध किया तो आरोपी ने जल्दी शादी करने का झांसा देकर मना लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर आरोपी उसके साथ देह शोषण करने लगा। गत 13 अगस्त को शादी करने के लिए मिलने बुलाया और शादी का जश्न माने की बात कहकर होटल में ले जाकर शराब पिलाई। इसके बाद नशे की हालत में उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया। अगले दिन से उसका कॉल उठाना बंद कर दिया। किसी तरह सम्पर्क करने पर आरोपी ने शादी से मना कर दिया।

# मंदिर माफी व कृषि भूमि पर काटी जा रही पांच अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की

## जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने जोन-12 में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के प्रवर्तन दस्ते ने मंदिर माफी और कृषि भूमि पर काटी जा रही पांच अवैध कॉलोनियों पर गुरूवार को बड़ी कार्रवाई की।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-12 में सिरसी रोड पर बिंदायका के नजदीक नीमडा में 4 बीघा कृषि भूमि पर बिना भू-रूपांतरण करवाये और बिना किसी जेडीए की अनुमति ''मारूती नगर-डी'' के नाम से रातोंरात कॉलोनी बसा दी गई। काश्तकार और बिल्डर ने रातोंरात जमीन समतल कर मिट्टी-ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल बना डाली। गुरूवार को जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल किया गया।

- **काश्तकारों ने कृषि भूमि का रुपांतरण करवाए बिना ही रातोंरात कॉलोनी काट दी, जे.डी.ए. से कोई निर्माण स्वीकृति भी नहीं ली**



**जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने कृषि भूमि पर अवैध तरीके से बसाई जा रही कॉलोनियों को जेसीबी मशीन से खुर्द-बुर्द किया।**

इसके बाद बिन्दायिका से भूताली वाली रोड पर करीब 2 कृषि भूमि पर इसी तरह ''इन्दिरा विहार'' के नाम से रातोंरात कॉलोनी बसाकर मिट्टी व ग्रेवल की सडकें, प्लाट्स की बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण कर लिए थे, इन्हें भी ध्वस्त किया। यही से थोड़ी दूर 2 बीघा कृषि भूमि पर ''मारूती वाटिका'' के नाम से अवैध कॉलोनी थी, उसमें बने हुए अवैध निर्माण भी ध्वस्त किए। इसके बाद जोन-12 स्थित ग्राम चकबासड़ी में 6 बीघा मंदिरमाफी की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर भूमि को समतल कर रातोंरात अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। प्रवर्तन टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण ध्वस्त किए। संबंधित से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की जायेगी। इसके अलावा जोन-13 में अवस्थित ग्राम रामचन्द्रपुरा सामरिया रोड पर भी 5 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के काटी गई अवैध कॉलोनी में निर्माण ध्वस्त किए।

# वी.सी. के जरिए तलाक हुआ

**जयपुर**। अमेरिका में रहते हुए जयपुर के पारिवारिक न्यायालय में वीडियो कॉल से सुनवाई के बाद विवाह विच्छेद की डिकी पारित की गई। संभवत: यह राजस्थान का ऐसा पहला मामला है।

जानकारी के अनुसार पति अपूर्व सक्सैना ने अपने पिता कामेश मोहन को पॉवर ऑफ अर्टानी पारिवारिक न्यायालय में विडियो कॉल के माध्यम से हुई सम्पूर्ण हुई। अधिवक्ता गौरव सिंघल ने प्रार्थी की ओर से की पैरवी। संभवत: यह राजस्थान मे पहली बार पॉवर ऑफ अर्टोनी के जरिये फैमेली कोर्ट से विवाह विच्छेद की डिकी की गई। अदालत में हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा-13बी, में याचिका पेश की गई थी। पत्नी ने एकमुश्त भरण पोषण के रूप मे लिए 50 लाख रूपये एवं विवाह विच्छेद के लिए सहमति प्रदान की गई। महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 12 जयपुर प्रथम द्वारा भी पति अपूर्व सक्सैना को 498ए, में दोषमुक्त किया गया।

# सार-समाचार

## दिनदहाड़े सूने फ्लैट में लाखों की चोरी

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में दिनदहाड़े सूने फ्लैट के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपए के गहने-कैश चोरी कर ले गए। वारदात के समय परिचित की शादी में परिवार शामिल होने गया हुआ था। अपार्टमेंट के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों करतूत कैद मिली। झोटवाड़ा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सत्य नगर शिवपुरी निवासी रिंवि सिंघल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 27 नवंबर को बनीपार्क में उनके परिचित की शादी का प्रोग्राम था। सुबह करीब 10 बजे वह परिवार सहित शादी में शामिल होने गए थे। पीछे से चोरों ने सूने फ्लैट को निशाना बनाया। दिनदहाड़े फ्लैट का लॉक तोड़कर चोर अंदर घुसे। अलमारी में रख सोने-चांदी के गहने और 90 हजार रुपए चोरी कर ले गए। शाम करीब 4 बजे वापस लौटन पर चोरी का पता चला। अपार्टमेंट के आस-पास लगे फुटेजों को खंगालने पर चोरों की करतूत कैद मिली। फुटेज में 3 बदमाश फ्लैट में घुसते दिखाई दे रहे हैं। चोरी के बाद वह स्कूटी वाले लड़के को सामान देते भी नजर आ रहे हैं। चोरी की सूचना पर झोटवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

## 'यही समय, सही समय' कार्यक्रम आज

**जयपुर (कासं)**। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर, पीएचडीसीसीआई राजस्थान के सहयोग से बहुप्रतीक्षित राजस्थान राजस्थान डवलपमेंट डायलॉग-2023 का आयोजन एक दिसंबर को करेगा। यही समय है, सही समय है...विषय पर आधारित इस वार्षिक कार्यक्रम के उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री कालीचरण सर्राफ होंगे। इस दौरान कालीचरण सराफ द्वारा एक व्यापक छात्र-संचालित एसएमई रिपोर्ट का भी अनावरण करेंगे। यह रिपोर्ट राजस्थान के लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में उद्योग विसर्जन कार्यक्रम के एक भाग के रूप में छात्रों द्वारा प्रत्यक्ष अंतर्दृष्टि पर आधारित है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चर्चाओं और पैनलों के माध्यम से तीस से अधिक प्रतिष्ठित उद्योगपति और एक्सपर्ट्स भी अपने विचार साझा करेंगे। जयपुरिया, जयपुर के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने बताया कि उदघाटन कार्यक्रम एक दिसंबर, शुक्रवार को प्रात: 10 बजे होगा। इसके समापन सत्र के मुख्य अतिथि पीएचडीसीसीआई-राजस्थान चैप्टर के उपाध्यक्ष एवं डीडी फार्मास्यूटिकल्स के डायरेक्टर अमित कुमार चौधरी होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वरुण चोटिया और डॉ. अपर्णा मेंदीरत्ता करेंगे।

## नाबालिग को घर बुलाकर दुष्कर्म

**जयपुर**। खोह नागोरियान थाना इलाके में पड़ोसी युवक ने रोटी बनाने के बहाने एक नाबालिग किशोरी को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि करौली निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि वह अपने परिवार के साथ खोह नागोरियान इलाके में रहता है। 26 नवंबर को सुबह वह अपने काम पर चला गया। पीछे घर पर उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी थी, जिसे आरोपी पड़ोसी ने रोटी बनाने के बहाने अपने घर बुला लिया। जब उसकी बेटी मदद के लिए आरोपी पड़ोसी के घर गई तो उसने जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर उसकी ही बदनामी का डरा दिखाकर घर भेज दिया। नाबालिग बेटी के परिजनों को आपबीती सुनाने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।

## शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शिवदासपुरा एवं प्रताप नगर थाना इलाके में वाहन चोरी एवं चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को धर-दबोचा है और एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के दो लेपटॉप और सहित दो चोरी की बाइक भी जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने षिवदासपुरा एवं प्रताप नगर थाना इलाके में वाहन चोरी एवं चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी करने वाले साहिल शर्मा (26)निवासी राजगढ़ जिला अलवर हाल जामडोली आगरा रोड जयपुर, मोहम्मद सारीफ (23)निवासी देवरनिया जिला बरेली उत्तरप्रदेष हाल वजीराबाद दिल्ली सहित वाहन चोर रामलाल उर्फ राधे (26)निवासी कानोता जयपुर को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही वाहन चोरी में लिप्त एक बालअपचारी को निरूद्ध किया गया है। जिनके पास से चोरी के दो लैपटॉप और सहित दो चोरी की बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपित साहिल शर्मा एवं मोहम्मद शरीफ ने पूछताछ में 15-20 चोरी करने की वारदात करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से नकबजनी-चोरी एवं अन्य साथियों के बारे में पूछताछ जारी है।

## मुख्यमंत्री ने की राज्यपाल से मुलाकात

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# तृतीय श्रेणी लेवल-1 की नियुक्तियों पर यथा-स्थिति आदेश

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 भर्ती-2022 के विवादित उत्तर कुंजी के मामले में नियुक्तियों पर यथास्थिति के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश प्रियंका शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में विशेषज्ञ कमेटी रिपोर्ट पेश की गई। जिसे देखकर अदालत संतुष्ठ नहीं हुई। इसके साथ ही अदालत ने भर्ती में दी जा रही नियुक्तियों पर यथा-स्थिति के आदेश दिए हैं। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक के 21 हजार पदों के लिए भर्ती निकाली। इसकी लिखित परीक्षा के बाद बोर्ड ने प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी। इस उत्तर कुंजी में याचिकाकर्ताओं के जवाब सही थे। वहीं बोर्ड ने मामले में एक्सपर्ट कमेटी गठित कर करीब 22 सवालों के जवाबों में से कुछ को डिलीट कर दिया और कुछ सवालों के जवाब बदल कर अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी। बोर्ड की ओर से सवालों के जवाब गलत जांचने के चलते याचिकाकर्ता चयन से बाहर हो गए। याचिका में कहा कि भर्ती में उम्मीदवारों की योग्यता 12वीं के साथ डिप्लोमा है। लेकिन कमेटी ने विवादित प्रश्नों की जांच में राज्य सरकार व मान्यता प्राप्त संस्थाओं की पुस्तकों को आधार ना मानकर पीजी स्तर की पुस्तकों व्न निजी प्रकाशकों की किताबों को आधार बनाया है।

# एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर** (कासं)। एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज कई प्रगतिशील कार्य करने के लिए जाना जाता है। इसमें एक नया अध्याय और जुड गया जब संस्थान ने यूके और एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के बीच सहयोग के साथ अपनी यात्रा शुरू की। कॉलेज परिसर में विदेश से आए संकाय सदस्यों और परीक्षकों के साथ आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रकार एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, सरकारी सेटअप में इस तरह का पाठ्यक्रम संचालित करने वाला भारत का प्रथम संस्थान है।

इस कोर्स का उद्देश्य डॉक्टरों के संचार और नैदानिक कौशल को बेहतर बनाने में मदद करना है। इससे रोगी-डॉक्टर संबंध और दोनों के बीच विश्वास को बेहतर बनाने में काफी मदद मिली है। इस पाठ्यक्रम के तहत चार दिनों में 122 से अधिक रोगियों का मूल्यांकन और परामर्श दिया गया। ये मरीज विभिन्न बीमारियों के थे। कार्यक्रम में प्रतिनिधियों को सभी पहलुओं जांच, निदान, प्रबंधन और संचार के बारे में जानने का मौका मिला।

एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा ने कहा कि पैसिस प्रशिक्षण के बाद एसएमएस यूके पाठ्यक्रम सहयोग की दिशा में पहला कदम है और हमें उम्मीद है कि अगले साल तक एस.एम.एस. उन डॉक्टरों के लिए परीक्षा केंद्र भी बन जाएगा जो इस संबद्धता को अपने अनुभव के साथ जोड़ना चाहते हैं। हमारी यह भी परिकल्पना है कि निकट भविष्य में एस.एम.एस. और यूके के अस्पतालों के बीच एक छात्र विनिमय कार्यक्रम होगा। इस पाठ्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान के इस तरह के आदान-प्रदान से निश्चित रूप से भारत में डॉक्टरों के कौशल में समग्र रूप से सुधार होगा। मैं संस्थान को हर संभव तरीके से समर्थन देने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद देता हूँ। डॉ. राजीव बगरहट्टा ने इस सपने को साकार करने के लिए डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ. मोनिका जैन, डॉ. भारती मल्होत्रा, डॉ. लीनेश्वर हर्षवद्धर्न, डॉ. अक्षिता, डॉ. आशु, डॉ. श्रुति भार्गव, डॉ. रमेश, सुनील सोनी और दिव्या टुटेजा को भी धन्यवाद दिया।

डॉ. रंजना गर्ग ने बताया कि सभी फैकल्टी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं और उन्होंने यूके में काम किया है। इनमें उनके अलावा डॉ. राम गुलाटी, डॉ. दिलीप सिंघवी और डॉ. गिरी तारुगोपुला शामिल हैं।

वह इस बात से भी संतुष्ट थीं कि इस पाठ्यक्रम के लिए शिक्षक-छात्र अनुपात सर्वश्रेष्ठ में से एक था, जो उम्मीदवारों के लिए अच्छा है। उन्हें उम्मीद है कि यह कोर्स कई लोगों द्वारा अपनाया जाने वाला पहला कोर्स होगा। इस कोर्स में शामिल होने के लिए देशभर से छात्र आए। एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के कई शिक्षकों ने भी अपने ज्ञान को ताजा और अद्यतन करने के लिए इसमें भाग लिया।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में होगा म्यूजिक स्टेज

**जयपुर,** (का.सं.)। जब जयपुर 'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल' के 17वें संस्करण के लिए तैयार है, तब जयपुर म्यूजिकस्टेज अपने बेमिसाल सितारों के साथ 'धरती के सबसे बड़े साहित्यिक शो' के साथ कदमताल के लिए तैयार है। जे.एम.एस. में भारतीय उपमहाद्वीप के प्रतिभाशाली कलाकार प्रस्तुति देंगे, जो संगीत की विविध शैलियों और इतिहास को बयां करेंगे।

जाने-माने गायक, गीतकार और कवि अलिफ़ (मोहम्मद मुनीम) पहली शाम को परफॉर्म करेंगे। अलिफ़ को बहुत से पुरस्कारों से नवाजा गया है, जिनमें प्रमुख हैं: सिंगल ललनावत के लिए दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल अवार्ड, सिंगललाइक ए सूफी के लिए अवार्ड और राइड होम के लिए आई.आई.एस. का 'बेस्टफोकसोंग' अवार्ड। अलिफ़ हाल ही में कोक स्टूडियो भारत के सीजन 2 में शामिल हुए थे, जहाँ उन्होंने क्या करेकोरिमोल गाया था।शाम की मधुर धुनों को आगे बढ ाएंगे द तापी प्रोजेक्ट, जिसमें शामिल हैं योगेन्द्र सानियावाला (बेसगिटार, गीतकार, रचनाकार), स्वाति मिनाक्सी (स्वर), गौरव कपाड़िया (ड्रम्स) और बीजू नाम्बिअर (कीबोर्ड, बेस और ड्रम्स)। फोक, ट्रिप-हॉप, जैज़ और फोकइंस्ट्रूमेंट के साथ ये बैंड दिल छू लेने वाली प्रस्तुति देंगे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

## शास्त्री नगर इलाके में हुआ हादसा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। शास्त्री नगर इलाके में ओवर स्पीड कार ने एक युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। टक्कर लगने से युवक कार के बोनट पर गिरा था। इसके बाद कार एक मकान की दीवार से टकरा गई। मकान की दीवार और कार के बीच फंसकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में संजय नगर भट्टा बस्ती निवासी मोहम्मद माजिद (21) की मौत हो गई। माजिद एक शोरूम पर जॉब करता था। बुधवार रात मामा की तबीयत खराब होने पर मोहम्मद माजिद अपने दोस्त सैफ अली और अभय जांगिड़ के साथ उनसे मिलने गया था। रात करीब 3:30 बजे तीनों पुराना जालूपुरा से पैदल घर लौट रहे थे। रास्ते में रॉयल स्वीट के पास मेजर शैतान सिंह कॉलोनी के सामने खड़े होकर तीनों दोस्त बात करने लगे। इसी दौरान साइंस पार्क की तरफ से आई ओवर स्पीड कार ने माजिद को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही माजिद कार के बोट पर गिर गया। इस दौरान ड्राइवर का कार से कंट्रोल छूट गया और कार एक मकान की दीवार से टकरा गई। कार और दीवार के बीच में फंसने से माजिद गंभीर रूप से घायल हो गया।

- **टक्कर लगने के बाद बोनट पर गिर गया था युवक**
- **कार और दीवार के बीच फंसने से आई थी गंभीर चोंटे**
- **हादसे के बाद कार छोड़कर फरार हुआ चालक, पुलिस तलाश में जुटी**

हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। माजिद के दोस्तों ने उसको गंभीर हालत में कावंटिया हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

अस्पताल में इलाज के दौरान मोहम्मद माजिद ने दम तोड़ दिया। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार को जब्त कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।



## Faux Fur Friday

Since man first started killing animals and wearing their skins, furs have been all the rage. To be fair, in ages past, fur was utterly necessary, the same thing that kept our prey animals warm during the winter was being borrowed to help our ancestors survive the same. But times have changed, and with electric heating and synthetic fibres, there's no longer a need for fur. So what's a lover of fuzzy clothes to do? Abandon it? Not at all! Faux Fur Friday is the answer to all of your animal hide needs, without the aching conscience.

#RESEARCH

# Tasty Plant-Based Cheese

New research shows the potential of fermentation for producing plant-based cheese that people want to eat





Increasing pressure on earth's resources and climate change call for our food system to turn into a more plant-based direction. As a result, scientists are looking into how to transform protein-rich plants like peas and beans into a new generation of non-dairy cheeses that possess the similar sensory properties as the dairy-based ones that humans have enjoyed for thousands of years.

Several plant-based cheeses are already in the market. The challenge is that plant proteins behave differently than milk proteins. To meet this challenge, producers add starch or coconut oil to harden plant cheeses as well as an array of flavourings to make them taste like cheese.

But it turns out that this can be done with the help of nature's smallest creatures. In a new research result from the University of Copenhagen's Food Science department, researcher Carmen Masiá has succeeded in developing plant-based cheeses made from yellow pea protein with a firm texture and improved aroma profile. She used the same natural fermentation process with bacteria that we have used with cheeses made from milk, for thousands of years.

"Fermentation is an incredibly powerful tool to develop flavour and texture in plant-based cheeses. In this study, we show that bacteria can serve to develop firmness in non-dairy cheese in a very short period of time while reducing the bean-like aroma of yellow pea protein, which is used as the main and only protein source", explains Masiá.

The result builds upon a research result from last year by the same researcher, who found that yellow pea protein constituted a good "protein base" for making fermented plant-based cheese. In the new result, the researcher examined 24 bacterial combinations, made from bacterial cultures, supplied by the biotech company, Chr. Hansen, where Masiá is completing her Industrial PhD. "The whole point of this study has been to combine the commercially available bacterial cultures that are suitable for the fermentation of a plant-based raw material and test them in a pea protein matrix to develop both taste and texture that would be suitable for a cheese-like product. And, even if some bacterial combinations performed better than others, all of them actually provided firm gels and reduced beaniness in the samples", says Masiá.

To study the behaviour of the bacterial combinations, the scientist inoculated them in a protein base made of yellow pea protein. After only eight hours of incubation, the result was a firm "cheese-like gel" reminiscent of a fresh soft white cheese.

"All bacterial blends produced firm gels, which means that one can get a fermentation-induced gel without necessarily adding starch or coconut oil to the base. From an aroma perspective, we had two goals: To reduce the compounds that characterize the beaniness of yellow peas and to produce compounds that are normally found in dairy cheese. Here, we saw that some bacteria were better at producing certain volatile compounds than others but also that they all worked great to reduce beaniness, which is a very positive outcome. Furthermore, all blends acquired dairy aroma notes to different degrees", explains Masiá.



"When I die, I know people will talk about Friends, Friends, Friends. And I'm glad of that, happy I've done some solid work as an actor, as well as given people multiple chances to make fun of my struggles on the world wide web…But when I die, as far as my so-called accomplishments go, it would be nice if 'Friends' were listed far behind the things I did to try to help other people. I know it won't happen, but it would be nice."

# Thank you, Matthew

## You were there for us



Matthew Perry died of an apparent drowning incident at his California home on October 28.




Shreya Biswas

*Multimedia journalist and editor*


In a poignant quote attributed to Perry, which is widely making the rounds on social media lately, he says:

"When I die, I know people will talk about Friends, Friends, Friends. And I'm glad of that, happy I've done some solid work as an actor, as well as given people multiple chances to make fun of my struggles on the world wide web…But when I die, as far as my so-called accomplishments go, it would be nice if 'Friends' were listed far behind the things I did to try to help other people. I know it won't happen, but it would be nice." In the annals of Hollywood history, Matthew Perry will forever be celebrated for his iconic portrayal of Chandler Bing on the beloved TV series, Friends. Over the course of several decades, the award-winning American-Canadian actor graced the screens of both television and cinema, featuring in a wide array of productions such as The Odd Couple, The Whole Nine Yards, Almost and many more.



Beyond the bright lights and laughter, Perry's life was marked by a gruelling battle against addiction.

However, beyond the bright lights and laughter, Perry's life was marked by a gruelling battle against drug and alcohol addiction. In October 2022, he unveiled his bestselling memoir, shedding light on the comedian's arduous journey through addiction and the triumphant battles he waged to conquer those daunting challenges. Additionally, through various interviews, he offered insights into his struggles and the path to recovery.

## # MATTHEW MY FRIEND

### Friends, Lovers and the Big Terrible Thing

As his career began to take off with the success of 'Friends', Perry's life seemed to be on an upward trajectory. The show, which was first aired in 1994, quickly became a cultural phenomenon, catapulting Perry and his fellow cast members to international fame. The humour, wit and undeniable chemistry among the actors, made 'Friends' a beloved sitcom that continues to have a devoted fan base.

The success of 'Friends' had a profound impact on Matthew Perry's life and career. The show's enduring popularity and cultural significance made him a household name. Chandler Bing, the character he portrayed, was known for his sharp wit and humour and Perry's impeccable comedic timing made the character unforgettable. Yet, behind the scenes, Perry was grappling with a hidden struggle. The pressure of fame and the demands of a hit television show took a toll on his well-being.


Perry has been candid about the fact that his addiction issues started to escalate during the filming of 'Friends'. The show's success brought him fame and fortune but it also exacerbated the stress and anxiety he experienced.

In several interviews, Perry revealed that, at the height of his addiction, he was consuming a staggering 55 pills a day while filming 'Friends'. He described feeling 'trapped', as if he had lost control over his own life. The bright lights of Hollywood and the adoration of fans couldn't shield him from the torment of addiction.



As his career began to take off with the success of Friends, Perry's life seemed to be on an upward trajectory.

### The End of Longing



The turning point in Perry's life came when he found himself on the precipice of death, shortly before his 50th birthday. Admitted to the hospital with a perforated stomach, he was given minimal chances of survival. His survival was nothing short of miraculous - he was placed on an ECMO machine, a device that breathes for the heart and lungs and he was one of the very few who made it out alive that night.

Perry's memoir, Friends, Lovers and the Big Terrible Thing, is a candid account of the numerous relapses and surgeries he endured to mend the damage inflicted on his body by years of alcohol and opioid abuse. Through the book, Perry hoped to share his journey with the world, offering solace and insight to those grappling with similar demons.

The book takes readers on a harrowing journey through Perry's addiction, relapses and near-death experiences. It is a raw and unflinching look at the toll that substance abuse can take on an individual's physical and emotional well-being. Perry's writing is marked by a remarkable level of self-awareness and a willingness to confront his own demons.

In the memoir, Perry chronicles the ups and downs of his battle with addiction. He is unflinchingly honest about his darkest moments, laying bare the pain and turmoil he experienced. His story is a stark reminder of the destructive power of addiction and the immense challenges that individuals face when trying to break free from its grip.

### The Beginning of an Addiction

Matthew Langford Perry was born on August 19, 1969, in Williamstown, Massachusetts. He came from a family with deep roots in the entertainment industry. His father, John Bennett Perry, was an actor and model and his mother, Suzanne Morrison, was a Canadian journalist and former press secretary to Pierre Trudeau, the former Prime Minister of Canada. And as many people may already know, he went to the same school as the current Canadian prime minister, Justin Trudeau. The two were even involved in a schoolyard kerfuffle, something that Perry would go on to express regret over, as an adult.

Perry's upbringing in Ottawa, Canada and his exposure to the world of show business at a young age set the stage for his future career in acting. From a young age, Perry was drawn to the world of entertainment. His journey into the world of acting took a significant step forward when he moved to Los Angeles at the age of 15 to pursue his dream. However, the road to success was not without its challenges. Perry faced numerous rejections and setbacks in his early years in Hollywood.



Perry's path into addiction began after a devastating accident that led to a prescription for painkillers.

He struggled to secure acting roles and faced financial difficulties. It was during this period of uncertainty that he was introduced to the world of addiction. Like many individuals who grapple with substance abuse, Perry's path into addiction began innocently enough. In 1997, he experienced a devastating accident that led to a prescription for painkillers. These seemingly harmless medications would prove to be the catalyst for his descent into addiction. Perry found solace in the temporary relief that drugs provided, unaware of the treacherous path that lay ahead.



### A Perfect Storm



The camaraderie between Perry's Chandler and Matt LeBlanc's Joey was palpable.

Friends, not only launched Perry to stardom but also created lasting bonds with his co-stars. The chemistry that Perry and his co-stars developed during the show's ten-season run was palpable, especially the camaraderie between Perry's 'Chandler' and Matt LeBlanc's 'Joey'.

In real life too, Perry shared a close friendship with fellow 'Friends' actors, Jennifer Aniston (Rachel Green), Courtney Cox (Monica Geller), Lisa Kudrow (Phoebe Buffay), David Schwimmer (Ross Geller) and, of course, LeBlanc.

The success of 'Friends' brought immense wealth and fame but it came at a price. Perry's life became a whirlwind of press appearances, fan encounters and the relentless scrutiny of media. Coping with this level of attention and expectation was no small feat. It was during this period of intense fame and pressure that Perry's addiction issues started to escalate. The demands of a hit television show, coupled with the scrutiny of public eye, created a perfect storm for his addiction to take hold. Perry has been candid about how stress and anxiety of his newfound fame exacerbated his struggles with addiction. Perry had also spoken about how, throughout his journey, he drew strength from the support of his 'Friends' cast members. He described them as understanding and patient, offering a lifeline of support during his darkest moments.

### 'Grateful to be alive...'

Matthew Perry is not an isolated case among celebrities who have been grappled with substance abuse. The pressures of fame and wealth often create a perilous environment where celebrities succumb to the pitfalls of addiction and substance abuse.


As Perry recovered, he became acutely aware of how lucky he was to have survived his battle with addiction, especially when many of his contemporaries succumbed to their own. And he never shied away from expressing his gratitude, describing himself as "an extremely grateful individual" and emphasising how his survival brought him "the possibility to do anything." Matthew Perry's path to recovery was far from linear. But while his struggles with addiction underscore the dark reality of substance abuse, his resolute fight for sobriety, not only his own but also that of other victims, stands as a testament to hope and strength. He may no longer be here with us but his stories will continue to encourage others.



*rajeshsharma1049@gmail.com*


#LEARNING

# The Key to Better Studying

Self-explanation occurs when you take the new information you've learned and relate it to information you already know





If you think about studying conceptually, it's sort of like teaching yourself the material. That's the whole point, right? But simply memorizing flashcards probably isn't the best approach for long-term retention. It turns out that there's another important step: self-explanation, the part of learning that comes after you go over your notes, texts, and other materials. This concept of self-explanation may help students retain knowledge more effectively, rather than just regurgitating facts and figures.

You shouldn't just know the facts of your material, but also why the facts are the facts at all. Let's go over how to put it into practice.

### What is self-explanation?

Self-explanation occurs when you take the new information you've learned and relate it to information you already know. This means that instead of just reading and taking in the material, you're setting aside part of your study session to think deeply about what it actually means and how it applies to real life. The explanation comes in when you explain to yourself how the new ideas relate to ideas you already understand well, whether in other academic areas or in the real world.

Ideally, you should do this after you complete a chapter or segment of your reading and reviewing. Set aside five to ten minutes after each chapter to engage in self-explanation, using one of the methods below.

### How to use self-explanation when studying

It may feel abstract and a little silly to schedule time to sit and think quietly about how, what you're learning, relates to other ideas. So here are some concrete ways by which you can actually engage in self-explanation.

### Retrieval practice

First, any kind of retrieval practice, wherein you actively work to pull information from your memory, will help you get started. The methods you usually employ for retrieval practice like using flashcards, summarizing chapters or taking a practice quiz, for instance, will be useful for starting to think more deeply about the material and make sure it springs to mind easily. The self-explanation comes into play while you're doing those. For instance, you can try a think-pair-share activity to talk over the new material with a classmate or group, focusing not only on what you learned, but also on its practical application and associations with other materials or real-world events.

### Blurting

If you're on your own, try adapting the blurting method to meet the needs of self-explanation. In blurting, you write down everything you can remember about what you just studied, then use your notes and text to identify gaps in your memory. Here, you can instead try to blurt or write a "minute paper" about what the material actually means.

For instance, if you're studying bonds in accounting class, you don't just want to be able to state whether a bond is being sold at a discount or premium; you also want to understand the implications that it has, for the person or entity holding the bond. In your blurt or minute paper, describe what the reason for trading a bond at a discount might be and what the result would be for the entity doing it. Don't just review how you would journalize that if you were an accountant, but consider why the journal entry would look how it does and what such an entry would be used for, in real life. Understanding why something is done the way it is, not just that it's done a certain way, will help you grasp and remember the material better, even if you just need to pass a test and don't plan on making your living as an accountant.

### Keep asking "why?"

If you come across anything you can't easily apply to other concepts you already understand, go back to your text and notes for additional information. Seek more info from outside sources, like other publications or even ChatGPT and keep asking "why?" until it starts to make sense. At the end of self-explanation, you should be able to explain why the facts you studied are true and what makes them important. Even if that won't be on the test, it will help you remember the facts better when you need them and give you even more of a foundation for self-explanation in your other classes.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## लकड़ियों से भरा ट्रक जप्त, चालक गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** वन विभाग श्रीमाधोपुर रेंज कार्यलय के सामने श्रीमाधोपुर अजीतगढ़ रोड पर नाकाबंदी कर चेक किया जा रहे थे, इसी दौरान श्रीमाधोपुर की ओर से बंद बॉडी ट्रक आता हुआ दिखाई दिया जिसको रुकवा कर चैक करने पर ड्राइवर ने ट्रक में डाक पार्सल होना बताया जिपर अंदेशा होने पर ट्रक के पीछे का दरवाजा खोलकर देखने पर इसमें अरड्डु प्लाई कोर की लककियां भरी हुई पाए गई। नाकाबंदी कर रही टीम द्वारा चालक को पूछने पर उसने अपना नाम संत प्रकाश पुत्र रामबली कोरी निवासी नवाबगंज जिला गोंडा उत्तर प्रदेश का होना बताया तथा गाड़ी पलसाना रीको एरिया से भरकर सांपला जिला रोहतक हरियाणा ले जाना स्वीकार किया।

इस पर चालकों को गिरफ्तार कर राजस्थान वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया। रेंजर देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पकड़ा गया ट्रक बंद बॉडी था व पीछे के दरवाजे पर डाक पार्सल की तरह ही ताला लगाया हुआ था ।लकड़ी माफिया भी आजकल फिल्मी स्टाइल में नए-नए तरीके ईजाद कर लकड़ी परिवहन कर रहे हैं। विभाग निरंतर गस्तकर अवैध गतिविधियों रोक लगाने का भरसक प्रयास कर रहा है।

# नहरों से पानी चोरी को रोकने के लिए की कार्रवाई

**देवली, ( निसं )।** बीसलपुर बांध परियोजना की नहरों पर से नियम विरुद्ध सिंचाई होने पर परियोजना के अधिकारियों ने नहर पर लगे अवैध इंजन और साइफ़ोनो को हटाने कार्रवाई की।

■ **अधिकारियों व कर्मचारियों ने परियोजना की बायीं मुख्य नहर से 19 इंजनों को हटाया**

परियोजना के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने जानकारी में बताया कि नहरी तंत्र क्षेत्र के कुछ किसानों द्वारा परियोजना की नहरों पर अवैधानिक रूप से इंजन व साइफोनो लगाकर कृषि कार्य किया जा रहा है। परियोजना की नहरों से पानी चोरी को रोकने के लिए गुरुवार को पुलिस प्रशासन के सहयोग से बीसलपुर परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों ने परियोजना की बायीं मुख्य नहर से 19 साइफ़ोनो को हटाए। इसी के साथ नहर पर लगे अनेक पानी के इंजन को भी हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस व परियोजना के अधिकारियों ने अवैध रूप से सिंचाई कर रहे किसानों को चेतावनी दी। और पाबंद किया की भविष्य में परियोजना की नहरों पर अवैध इंजन एवं साइफोनों नहीं लगाए। अन्यथा उक्त परिस्थिति मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने यह भी बताया कि बुधवार को भी सहायक अभियन्ता श्रीपति सोलंकी एवं कनिष्ठ अभियंता साबूदीन पूरण बैरवा और कालू राम मीना ने बीसलपुर परियोजना की दायीं मुख्य नहर की 40 से 48 के मध्य विभागीय ग्रस्त करके इस दौरान परियोजना की नहर पर अवैध रूप से लगे पानी के इंजन और साइफोनो को हटाने की कार्रवाई की। और इसी प्रकार गुरुवार को भी नहर पर लगे अवैध इंजनों के विरुद्ध कार्रवाई हुई। इस मौके पर सहायक अभियंता मनीष चौधरी, कनिष्ठ अभियंता दिनेश बैरवा ,कमलेश मीना एवं कर्मचारी गंगा राम, गणपत, अहमद, सीताराम, रमेश आदि उपस्थित रहे।


बीसलपुर बांध परियोजना की नहरों से नियम विरुद्ध सिंचाई होने पर परियोजना के अधिकारियों ने नहर पर लगे अवैध इंजन और साइफ़ोनो को हटाया।

## मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

**अलवर, ( निसं )।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविचल चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने आज विधानसभा आम चुनाव 2023 की मतगणना के लिए मतगणना स्थल बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय पहुंचकर मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को विधानसभा आम चुनाव के तहत 3 दिसम्बर को जिले की सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों के लिए की जाने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि मतगणना स्थल पर पेयजल, विद्युत, टेन्ट, बैरिकेटिंग्स, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश निर्देश दिये कि वाहनों को रूट चार्ट के अनुसार ही प्रवेश दिया जावे। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कनिष्क कटारिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह शेखावत, मनीष फौजदार आदि मौजूद रहे।


राजथान राज्य भारत स्काउट व गाइड
मण्डल मुख्यालय
टोडरमल मार्ग, बनीपार्क, जयपुर-302016 (राज.)
टेलीफोन नं.-0141-35610171 ई-मेल-div_jaipur2008@rediff.com
क्रमांक- म.मु./एफ.2()/भण्डार/निविदा/भौतिक/2023-24/1846 दिनांक- 28.11.2023

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, टोडरमल मार्ग, बनीपार्क, जयपुर पर अनुपयोगी/अप्रचलित सामान जिसमें लकडी, लोहा, प्लास्टिक, इलेक्ट्रिक आईटम्स, पुराने कम्प्युटर, स्टील आईटम्स के साथ कटे-फटे टैण्ट एवं अन्य सामान दिनांक 13.12.2023 को दोपहर 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जहां है, जिस स्थिति में है उसी स्थिति में नीलाम किया जायेगा। अनुपयोगी/अप्रचलित सामान का पुस्तक मूल्य लगभग 03.04 लाख रू. है, नियमानुसार धरोहर राशि 05 प्रतिशत डीडी/चैक के माध्यम से जमा करानी होगी। नीलामी से संबंधित अन्य सूचनायें एवं शर्ते कार्यालय समय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

UBN: BSG2324GSOB00031 — जिला सचिव
DIPR/C/15630/2023 — जयपुर



**दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**
क्षेत्रीय कार्यालय
आईआरडीए पंजीकृत सं. 556 सीआइएन : U66010DL1947GO1007158
क्षेत्रीय कार्यालय, नवाँ एवं दसवाँ तल, बीमा भवन, एनबीसीसी सेंटर, सहकार मार्ग, जयपुर-302015


**सूचना**

सभी पॉलिसी धारकों/हितधारकों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के अंतर्गत आने वाले निम्न कार्यालय/कार्यालयों का पुनर्गठन किया जा रहा है और आईआरडीए विनियम ( व्यवसाय विनियम का स्थान, 2015 ) के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 2 महीने बाद कार्यात्मक नहीं होगा। पॉलिसी/दावा या किसी अन्य सेवा के संबंध में सेवाएँ तालिका में उल्लेखित कार्यालय द्वारा प्रदान कि जाएंगी :-

| कार्यालय का नाम, जो कि गैर कार्यात्मक होना है | कार्यालय जिसके द्वारा सेवा प्रदान की जाएंगी | संपर्क नंबर एवं ई मेल आईडी एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|
| बिजनस ऑफिस, जगतपुरा कार्यालय कोड-243390 जगतपुरा ( जयपुर )-302017 | बिजनस ऑफिस जयपुर कार्यालय कोड-241107 | फोन : 0141-2758050, मो.: 9636400569 verma.kapil@orientalinsurance.co.in 2nd फ्लोर, एसपी-1, अपेक्स सर्किल, मालवीय नगर, जयपुर-302002 |
| बिजनस ऑफिस, मानसरोवर कार्यालय कोड-243492 मानसरोवर ( जयपुर )-302020 | बिजनस ऑफिस जयपुर कार्यालय कोड-241100 | फोन : 0141-2390080, मो. 9413833657 sahdev.meena@orientalinsurance.co.in सन्नी मार्ट, 3rd फ्लोर, शॉप नं. 308-309, न्यू आतिश मार्केट, जयपुर-302019 |

दिनांक : 30.11.2023, जयपुर — एम.एस. ठाकुर, उप महाप्रबंधक प्रभारी


## श्री कृष्ण गौशाला का नन्हे बच्चों ने भ्रमण किया


महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण गौशाला अजीतगढ़ का भ्रमण किया।

**शाहपुरा, ( निसं )।** श्री कृष्ण गौशाला अजीतगढ़ का गुरुवार को महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों ने स्कूल निदेशक भंवर सिंह शेखावत के नेतृत्व में भ्रमण किया। इस दौरान गोशाला प्रबंधन कार्यकारिणी ने बच्चो को गोशाला संचालन, गौसेवा लाभों समेत अनेक जानकारी साझा की। वही बच्चों व स्कूल स्टाफ ने गोवंश को रोटी, गुड, हरा चारा खिलाया। इस मौके पर गोशाला अध्यक्ष चैतन्य मीणा, व्यवस्थापक महेश दीवान, सह व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद स्वामी, कार्यकारिणी सदस्य गोपाल मीणा, पवन कुमावत ने बच्चों को गौसेवा कार्यों के तहत गो आवास, स्टोर, अन्नपूर्णा कक्ष, चारा गोदाम, पेयजल स्थल आदि का भ्रमण करवाते हुए बताया कि अजीतगढ में आजादी से पूर्व वर्ष 1945 में गोशाला स्थापित हुई थी, जिसमें बड़ी संख्या में गोवंश था, विगत वर्षों में संख्या में काफी कमी आ गई थी। जिसको लेकर गोशाला में विगत माह में सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का गठन करके गोशाला का संचालन कर रहे है।

# दलित परिवार ने दहेज कुप्रथा समाप्ति का संदेश दिया

**मंडावरी, ( निसं )।** क्षेत्र के हमीरपुर ग्राम के रहने वाले एक दलित परिवार द्वारा खुद के पुत्र का दहेज मुक्त विवाह संपन्न करवा कर दहेज की कुप्रथा समाप्ति का संदेश दिया गया।

लोगों ने कहा कि बैरवा समाज के सम्मान और गर्व की बात है कि समाज के एक परिवार द्वारा दहेज मुक्त प्रथम के लिए एक कदम आगे बढ़कर समाज सुधार का संदेश दिया है। हमीरपुरा निवासी गंगाधर पटेल दयाराम गोठवाल बैरवा हमीरपुरा के पुत्र ज्ञान बैरवा का 28 नवंबर को हुए विवाह में दहेज लेने से इंकार कर दिया। पुत्र ज्ञान ने भी दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए एक कदम आगे बढते हुए खुद के विवाह में लेने से साफ इंकार कर दिया। बिना दहेज की इस शादी में ज्ञान बैरवा संग दीपीका बैरवा पुत्री अजय बैरवा नई दिल्ली कुसुमर पहाड़ी ने मंडप में सात फेरों के साथ सात वचन तो लिए ही साथ ही आठवां वचन दहेज में एक रूपया लेकर दहेज ना लेने और समाज में व्याप्त इस दहेज की कुप्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकने का वचन लिया। उनके परिवार ने दुल्हन पक्ष से बिना दहेज लिए सिर्फ एक रुपए नेक व नारियल लेकर शादी की। लोगों ने कहा की ये एकअच्छा-संदेश है जो हर समाज तक जाना चाहिए। दहेज लेना या देना एक सामाजिक बुराई है जो युवा पीढ़ी को खोखला बना रही है साथ ही परिवारों को उजाड़ने के साथ महिला अत्याचार व घरेलू हिंसा का पर्याय बन रही हैं और इसे समाज से खत्म करने के लिए ऐसी शादियां होना जरूरी हैं। दलित दूल्हे के पिता दयाराम ठेकेदारी का कार्य करते हैं एवं पुत्र ज्ञान ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रखी है एवं वधू ग्रेजुएट है।



हमीरपुर ग्राम के रहने वाले एक दलित परिवार ने दहेज मुक्त विवाह संपन्न करवाया।


**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, सामु. / प्राथ. स्वा. केन्द्र जलालपुर ( तिजारा) अलवर**

क्रमांक: 2023/61 — **खुली निविदा सूचना** — दिनांक: 30.11.2023

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ. स्वा. केन्द्र जलालपुर (तिजारा) अलवर द्वारा निम्न सेवाये उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मशीन विद मैन (संविदा) कंप्यूटर ऑपरेटर (1) | 140000/- | 07.12.2023 12.00 PM | 07.12.2023 1.00 PM | 07.12.2023 2.00 PM |
| 2. | सफाई कर्मी (1) | 100000/- | 07.12.2023 12.00 PM | 07.12.2023 1.00 PM | 07.12.2023 2.00 PM |
| 3. | लेब टेक्निशियन (संविदा) (MNJY) | 140000/- | 07.12.2023 12.00 PM | 07.12.2023 1.00 PM | 07.12.2023 2.00 PM |

नियम एवं शर्तें
1. निविदाऐं दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्यूमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चैक राजस्थान मेडिक्येर रिलीफ सोसाइटी, डोटाना के नाम से व अलवर शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाऐं दिनांक 07.12.2023 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 07.12.2023 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ. केन्द्र स्वा. जलालपुर (तिजारा) अलवर


## शिविर में 27 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिन आयोजित किए जाने वाला नि:शुल्क परामर्श शिविर डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी अस्पताल के बरामदे में आयोजित किया गया। नि:शुल्क जांच एवम चिकित्सा शिविर में 27 रोगी लाभान्वित हुए। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में रोगियों को शुगर ,बीपी एवं वजन तुलाई की सुविधा नि:शुल्क प्रदान की गई साथ ही डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा शिविर में मरीजों को नि:शुल्क परामर्श भी दिया गया।

# श्वसन संबंधी बीमारी को लेकर सी.एम.एच.ओ. ने ली बैठक

**कोटपूतली, ( निसं )।** राजस्थान में सर्दी के मौसम की शुरुआत एवं चीन में फैल रही श्वसन संबंधी बीमारी को लेकर राज्य स्तर से जारी निर्देशों की पालना में कोटपूतली-बहरोड़ सीएमएचओ डॉ. निर्मल कुमार जैन ने गुरूवार को बैठक ले कर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीएमएचओ ने बताया कि चीन में फैल रही बीमारी बच्चे, बुजुर्ग एवं गर्भवती महिलाएं तथा कोमोरबिडिटी जैसे केस में ज्यादा देखी गई है। सर्दी के मौसम को देखते हुए सभी बच्चे, बुजुर्ग एवं कोमोरबिडिटी सुबह एवं रात्रि के समय में घर से बाहर जरूरत होने पर

■ **बी.सी.एम.ओ. एवं संस्था प्रभारियों को मॉकड्रिल एवं आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश**

पूरे कपड़े एवं सावधानी रखकर ही बाहर निकलें। इस मौसम में सभी को गर्म एवं पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिये। जिससे की मौसमी बीमारियों का संक्रमण कम हो सके। उन्होंने बताया कि चीन में फैल रही बीमारी हालांकि भारत देश में एवं राजस्थान में नहीं है, लेकिन यह एक संक्रमित बीमारी है। जिससे बचाव हेतु भीड़ भाड़ वाले स्थान पर कम से कम जायें और सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार एवं सांस लेने में दिक्कत हो तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर परामर्श लें। यह बीमारी इनफ्लुएंजा माइक्रोप्रॉस्मोडियम निमोनिया की वजह से होती है, यह दो तरह की बीमारी होती है-आईएलआई एवं एसएआरआई। उन्होंने बीसीएमओ एवं संस्था प्रभारियों को मॉक ड्रिल एवं आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि इसकी गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ द्वारा जिले के बानसूर एवं विराटनगर ब्लॉक की विजिट करके समस्त संस्था प्रभारियों की ब्लॉक स्तर पर बैठक ली। बैठक में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पल्स ऑक्सीमीटर एवं संस्था पर उपलब्ध अन्य उपकरणों के रखरखाव एवं उनकी जांच करने के निर्देश दिये। साथ ही संस्था पर आवश्यक दवाईयां, जांच, बैड, उपचार आदि के समुचित इंतजाम प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। सीएमएचओ एवं नोडल अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए डेंगू, मलेरिया, परिवार कल्याण, जेएसवाई, राजश्री एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई।


भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केन्द्र (सी-पेस) आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल, प्लाट पी-6,7,8 से -5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा-122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana-122050

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

**(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)**

सार्वजनिक नोटिस No. ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/515 — दिनांक/Date: 10.11.2023

संदर्भ

1. कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 248 (2) के तहत जयपुर राज्य में निम्नलिखित 19 (उन्नीस) कम्पनी का नाम हटाने के मामले में

| S.No. | Work Item | CIN | हिन्दी नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | AA4597706 | U45400RJ2007PTC 048323 | सीआरएन एस्टेट्स एंड डिजाइन्स प्राइवेट लि. |
| 2 | F60679388 | U55101RJ2008PTC 026643 | स्कॉर्पियन्स हॉलिडेइन प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | F59836049 | U74999RJ2018OPC 061254 | वोरलॉफर रेटर (ओपीसी) पाइवेट लिमिटेड |
| 4 | AA5085372 | U45400RJ2022PTC 082855 | डी.डी.बी. कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AA4819739 | U72900RJ2022PTC 081584 | फनबकेट इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AA5573822 | U15549RJ2019PTC 064080 | टी-शॉट्स बेवरेजेज और फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AA5860124 | U52100RJ2022PTC 083855 | हरमाल प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AA5854017 | U51399RJ2004PTC 019194 | वी.जे. होम स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | F58867623 | U65999RJ2019PLN 067171 | अमीषा सहयोग निधि लिमिटेड |
| 10 | AA4946868 | U45201RJ2008PTC 025894 | विक्रम मॉल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AA5914188 | U45201RJ2012PTC 038552 | आर.के. रियलमार्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AA5990855 | U80900RJ2017PTC 058374 | बैनाडा स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AA5081802 | U70109RJ2017PTC 058814 | रेथियॉन एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AA5831448 | U45309RJ2018PTC 061163 | रल्हन इन्फ्रास्की प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AA5777961 | U15549RJ2021PTC 073102 | ओजीहएस फंक्शनल बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AA4317049 | U92490RJ2021OPC 077129 | एसएसजी ड्रीम (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AA5800717 | U55101RJ2022PTC 083980 | लक्सियन होटल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AA5819403 | U40100RJ2022PTC 082220 | बीकानेर रिन्यूअल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AA5825002 | U62099RJ2023PTC 087210 | फ़नल लाइफटाइल प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248(2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षो से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते है।

(हरिहर साहू)
रजिस्ट्रार
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केन्द्र
CBC 07123/11/0189/2324


# टीकाराम जूली के जन्मदिन पर 62 यूनिट रक्तदान किया

**अलवर, ( निसं )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि रक्तदान से बड़ा जीवन में कोई दान हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी को जीवनदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मंत्री जूली आज अपने 43वें

■ **रक्तदान से बड़ा जीवन में कोई दान हो ही नहीं सकता : जूली**

जन्मदिवस के अवसर पर जयकृष्ण क्लब में टीकाराम जूली फैंस क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित रक्तवीरों एवं समर्थकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से ना केवल जरूरतमंद के जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है बल्कि रक्तदान करने से रक्तवीर का स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में रक्तदान के प्रति तेजी से जागरूकता आई है। खासकर युवा वर्ग अब विभिन्न आयोजनों के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को एक नई प्रेरणा दे रहे है। उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन पर यह रक्तदान आयोजित कर आप सभी ने मुझे जो प्यार और स्नेह दिया है मैं सदैव उसका ऋणी रहूंगा। जूली के जन्मदिन पर देर रात से ही उनके निवास, कार्यालय एवं कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक, कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी, सर्वसमाज के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाऐं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे। जूली के जन्मदिन पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 621 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर जूली ने अपने परिजनों के साथ समर्थकों द्वारा भेंट की गई चांदी की तलवार से केक काटा।

अपने जन्मदिन के अवसर पर मंत्री जूली ने भगवान जगन्नाथ मंदिर एवं त्रिपोलिया महादेव मंदिर पर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने खण्डेलवाल स्थित श्री गुरूद्वारा साहब गुरूद्वारे में मत्था टेका तथा पुराना कटला स्थित मदर टेरेसा होम में बच्चों को फल वितरण किया। उन्होंने पुराना कटला स्थित इंदिरा रसोई में निशुल्क भोजन वितरण किया तथा स्टेशन रोड स्थित सार्वजनिक गोशाला में गोमाता को चारा खिलाया। उन्होंने मोती डूंगरी स्थित सैयद बाबा की मजार पर चादर चढाई एवं श्री हनुमान जी मंदिर में आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में फल वितरण एवं बिजलीघर स्थित विजन संस्थान में निशुल्क भोजन वितरण किया तथा शाम को अलवर शहर में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया।


मंत्री टीकाराम जूली को कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी।

## चतुर्वेदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया

**दौसा, ( निसं )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं काबिना मंत्री रहे अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि जनता के जनादेश में कांग्रेस पार्टी का पूर्वी राजस्थान से तो सुपड़ा साफ होगा ही अन्य जगहों से भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ेगी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने राजस्थान में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने का भी दावा किया। विधानसभा चुनाव की मतगणना से तीन दिन पहले भाजपा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेना शुरू कर दिया है ताकि आने वाले जनमत पर राजकुमारी हो सके।

जिला मुख्यालय पर गुरुवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने दौसा पहुंचकर पार्टी कार्यालय में जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से चुनाव और मतदान को लेकर फीडबैक लिया गया साथ ही पोलिग एजेंटों से भी चर्चा की गई। मीडिया से बात करते हुए चतुर्वेदी ने कहा जिस प्रकार मतदान हुआ है और उसके बाद कार्यकर्ताओं में जो उत्साह देखा जा रहा है उससे स्पष्ट है कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है। पिछले चुनाव में पूर्वी राजस्थान में भाजपा को नुकसान हुआ था। ऐसे में अब की बार कांग्रेस खुद का चेहरा दिखाने लायक भी नहीं बचेगी।

## राहुवास से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

**रामगढ पचवारा, ( निसं )।** उपखंड क्षेत्र के राहुवास थाना क्षेत्र में दिल्ली के रोहिणी थाना पुलिस द्वारा राहुवास थाना क्षेत्र से दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। जिन वारंटी को गिरफ्तार किया गया है वह न्यायालय के बार-बार आदेशों के बाद भी उपस्थित नहीं हो रहे थे।

दिल्ली इलाके की रोहिणी थाना पुलिस ने राहुवास से किसी पुराने मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। राहुवास थाना अधिकारी गोपाल लाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली के रोहिणी थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक पुराने मामले में दो वारंटियों को तलब किया था। इस मामले में दोनों वारंटियों को कोर्ट में उपस्थित होने के लिए बार बार तलब किया जा रहा था। तलब करने के बावजूद वारंटी कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर मंगलवार को दिल्ली के रोहिणी थाने की पुलिस राहुवास थाना पर पहुंची और राहुवास पुलिस की सहायता से राहुवास थाना क्षेत्र के किशन लाल पुत्र नाथू लाल मीणा और बाबूलाल पुत्र गंगा राम मीणा निवासी कुंतलवास को राहुवास से रोहिणी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें दिल्ली के कोर्ट में पेश किया जाएगा। वही दिल्ली की रोहिणी थाना पुलिस द्वारा राहुवास थाना क्षेत्र से दो युवकों को अचानक गिरफ्तार करने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जलदाय विभाग की अनदेखी, लीकेज़ से व्यर्थ बह रहा पानी

**चाकसू, ( निसं )।** नगर पालिका क्षेत्र में जगह-जगह जलदाय विभाग की पाइप लाइन लीकेज पड़ी हुई है। यहां सुबह-शाम सप्लाई के दौरान रोजाना सैंकड़ों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है।

- लीकेज़ लाइन के कारण लोगों के यहां गंदा पानी पहुंच रहा
- लोगों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई


चाकसू में जलदाय विभाग की पाइप लाइन कई जगह लीक हो रही हैं।

लेकिन जिम्मेदारों को इसका ध्यान नहीं है। पाइप लाइन लीकेज होने से सभी घरों में पानी भी नहीं पहुंच पाता है। इसको लेकर कई बार लोगों ने जलदाय विभाग को इसकी जानकारी दी। लेकिन उसके बाद भी किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। लीकेज लाइन के कारण लोगों के यहां गंदा पानी पहुंच रहा है। विशेष बात ये है कि कोटखावदा रोड स्थित जलदाय विभाग कार्यालय के पास ही पानी बर्बाद हो रहा है पास ही मौजूद कार्यालय में बैठे अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। हाल ये है कि शिकायतों के बाद भी अधिकारी इन लीकेजों को दुरुस्त नहीं करवा पा रहे हैं। गौरतलब की इस इलाके से दिनभर अधिकारी गुजरते हैं ,फिर भी इस और किसी का ध्यान नहीं जाता है। बताते दें कि जलदाय विभाग के पास कोटखावदा रोड पर सर्विस लाइन पर दो से तीन प्वाइंट्स पर पानी व्यर्थ बह रहा है।कस्बे के लोगों की ओर से जलदाय विभाग को अवगत कराने के बाद भी अभी तक इन लीकेजों को दुरुस्त नहीं कर पाई है।

नगर पालिका के पास स्थित गणगौरी मैदान के सामने पाइप लाइन लीकेज है। ऐसे ही नगर पालिका के आगे स्थित बैंक के सामने एवं आगे की गली में पाइप लाइन लंबे समय से लीकेज है जिस समय पानी की सप्लाई होती है उस समय पानी नालियों के साथ सडक़ पर में बहता रहता है। जब पानी की सप्लाई बंद हो जाती है तो यह दूषित पानी वापस लीक हुए स्थानों से पाइप लाइनों के अंदर चला जाता है।

नपा के कर्मचारियों व अधिकारियों की नजर लीकेजों पर नहीं पड़ रही है जिसका खामियाजा कस्बे वासियों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है।

## अभिभाषक संघ कार्यकारिणी का चुनाव घोषित

**कोटपूतली, ( निसं )।** अभिभाषक संघ कोटपूतली के वार्षिक चुनाव 2023-24 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी जितेन्द्र रावत द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है।

संघ की कार्यकारिणी हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव होने है। नामांकन 01 व 02 दिसम्बर को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित बार रूम में प्रात: 11 से दोपहर 03 बजे तक भरे जायेगें। नामांकन पत्रों की जांच 04 दिसम्बर को प्रात: 10 से 11 बजे तक होगी। जिसके बाद 11 से 03 बजे तक नामांकन वापस लिये जा सकते है।

इसके बाद 04 दिसम्बर को ही दोपहर 03.30 बजे उम्मीदवारों की अन्तिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। मतदान 08 दिसम्बर को प्रात: 10 से सायं 04.30 बजे तक होगा। जिसके बाद मतों की गणना कर चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा। आपको बता दें कि अध्यक्ष पद हेतु 10 वर्ष का अनुभव व 03 हजार रूपये अमानत राशि, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पदों हेतु 07 वर्ष का अनुभव एवं 02 हजार रूपये अमानत राशि रखी गई है।

## सार-समाचार

### पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि दी



**बहरोड़/ नीमराना, ( निसं )।** पूर्व सांसद राठ केसरी स्व. घासीराम यादव को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। मुंडावर तहसील के गांव भुनगड़ा अहीर में पूर्व सांसद जो कि राठ केसरी के नाम से जाने जाते हैं उनकी पुण्यतिथि पर स्वर्गीय घासीराम यादव की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित की। वहीं उनके समाधि स्थल पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को याद करते राठ क्षेत्र की पहचान के रूप में याद किया गया। इस दौरान मुंडावर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव, जगरूप यादव, पंचायत समिति सदस्य योगेश शर्मा, रामुतार सरपंच, रामपत सरपंच, छाजू पंच, रामनिवास, राव सुबेसिंह, रमेश सेक्टरी, रामधन ठेकेदार, सुभाष जांगिड़, रविंद्र प्रजापत आदि लोग मौजूद रहे।

### पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित

**मालपुरा, ( निसं )।** सकल जैन समाज की ओर से गुरूवार को क्षेत्र की धर्म नगरी डिग्गी में पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित किया गया। अग्रवाल समाज चौरासी द्वारा आयोजित पिच्छिका समारोह में आचार्य इंद्र नन्दी महाराज ससंघ का पावन वर्षायोग समापन समारोह पर अग्रवाल सेवा सदन में पहुंचे प्रदेशभर के जैन धर्मावलम्बियों की मौजूदगी में प्रतिष्ठाचार्य मनोज कुमार जैन मध्यप्रदेश ने जैन धार्मिक क्रियाओं व मंत्रोच्चारण से आचार्य इंद्रनन्दी महाराज, बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज,मुनी मार्धव नन्दी महाराज का पिच्छिका परिवर्तन करवाया गया। समुचा पांडाल णमोकार के मंत्रों से गूंज उठा।

### पी.एच.सी. सेन्टरों की व्यवस्था जांची



**मालपुरा, ( निसं )।** नेशनल क्वालिटी गारंटी इंश्योरेंस सिस्टम के तहत गठित राज्य स्तरीय टीम ने गुरूवार को उपखण्ड क्षेत्र की आधा दर्जन पीएचसी सेन्टरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। राज्य स्तरीय टीम में शामिल डॉ. अब्दुल रब्ब नकवी, डॉ. सुनिल कुमार, डॉ. विक्रम व डॉ. प्रदीप ने उपखण्ड क्षैत्र के आंटोली, केरिया, डोरिया, इस्लामपुरा, कुटका व डिग्गी सीएचसी का निरीक्षण कर सेन्टरों पर रोगियों के लिए उपलब्ध संसाधन एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। ग्रामीण क्षेत्रों की पीएचसी सेन्टरों पर चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया। इस दौरान डॉ. संजीव चौधरी, बीसीएमओ मालपुरा व पचेवर अस्पताल प्रभारी डॉ. रऊफ,मुजाहिद अली एवं नमिता पारीक भी मौजूद रहे।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**टोंक, ( निसं )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने रविवार, 3 दिसंबर को मतगणना के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला परिषद के सीईओ देशलदान को राजकीय महाविद्यालय परिसर, राजस्व अपील अधिकारी उम्मेदी लाल मीणा को घंटाघर टोंक तथा भूमि अवाप्ति अधिकारी (पुनर्वास) एवं बीसलपुर परियोजना देवली को पवेलियन मैदान परिसर का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति की निगरानी रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने की सुनिश्चितता करेंगे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका होने या घटित होने की दशा में तत्काल सूचित करेंगे।

### अलवर में अब नहीं होगी बिजली कटौती

**अलवर, ( निसं )।** अलवर एवं भिवाड़ी जिलों में उद्योगों को अब सप्ताह में समुचित बिजली मिलेगी। सप्ताह में एक दिन होने वाली कटौती इन जिलों में नहीं होगी। इसके लिए बिजली निगम ने आदेश जारी किए हैं। अलवर जिला सहित एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक इकाइयों को मंगलवार से बिजली कटौती से मुक्त कर दिया है। अब इन उद्योगों में बिजली की कटौती नहीं होगी। पिछले कई माह से इस कटौती से उद्योगपतियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब इससे राहत मिली है। मत्स्य उद्योग संघ सचिव आनंद गोयल ने बताया कि अब तक जिले के उद्योगों की बिजली कटौती सप्ताह में दो दिन तक होती थी। शाम 6 बजे से सुबह 4 बजे तक कटौती रहती थी लेकिन अब ये नहीं होगी। इससे उत्पादन बढ़ेगा। जिले के उद्योगों में बिजली कटौती और डीजल जनरेटर सेट बंद करने के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा था। इन सब को ध्यान में रखकर सभी उद्योगपतियों ने अलवर बिजली घर के मुख्यालय पर धरना दिया था। उसके बाद बिजली कटौती नहीं करने का नोटिफिकेशन आ गया।

# भाजपा प्रत्याशी धनकड़ ने राजे से मुलाकात की


विराटनगर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड़ अपने समर्थकों सहित पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात करने पहुंचे।

**पाावटा, ( निसं )।** राजस्थान में विधानस.भा चुनावों के बाद 3 दिसम्बर को मतगणना को लेकर तमाम पार्टी के उम्मीदवार अपनी जीत को लेकर आश्वशत नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और झालरापाटन से भाजपा की उम्मीदवार वसुंधरा राजे से गुरुवार को विराटनगर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड अपने समर्थको सहित मुलाकात करने पहुंचे।

इस दौरान पूर्व सीएम राजे ने विराटनगर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड सहित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान का बारीकी से फीडबैक लिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड के साथ पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमेन अशोक सैनी, नरपत सिंह, विकास कैरोडी, राहुल यादव, नरेंद्र पारीक सहित समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान का बारीकी से फीडबैक लिया

# आधे घण्टे की बारिश ने खोली पोल, बाजार हुआ जलमग्न

**पावटा, ( निसं )।** सर्दी के मौसम में गुरुवार की सुबह तकरीबन आधे घंटे की मूसलाधार बारिश ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका की कलई खोल दी।

जल जमाव के कारण पावटा कस्बे के मुख्य बाजार सुभाष चौक में अफरा तफरी का माहौल रहा। पूरा बाजार जलमग्न हो गया । इस वर्ष की सर्दी के मौसम में पहली बार हुई तेज बारिश ने नगरवासियों को परेशान कर दिया। नगरपालिका की मेहरबानी कही जाए या फिर नगरवासियों का दुर्भाग्य, नगरपालिका में साफ-सफाई व नाली निर्माण व नाली सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी लोगों को जल-जमाव का सामना करना पडा।

- राहगीरों एवं कारोबारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा


पावटा के सुभाष चौक पर भरा बारिश का पानी।

आधे घंटे हुई तेज बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित बाजार रहा।

पावटा कस्बे के मुख्य बाजार सुभाष चौक जल जमाव होने से राहगीरों एवं कारोबारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा। इसके अलावा बाजार में जगह जगह जल जमाव देखने को मिला। नगर वासियों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण व नाली सफाई का दावा किया जा रहा है लेकिन बाजार में जल भराव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। व्यापारियों के अनुसार सर्विस रोड के नाले चौक हैं इसलिए बरसात के पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं होने से यह हालात हर अच्छी बारिश के बाद बनते हैं। जलमग्न हुई सडकों के कारण दुकानदार, अपनी दुकानों के भीतर कैद से रह गए। बारिश के बाद बाजार में खरीदारी पूरी तरह ठप हो गई, ऐसे में कई दुकानदार शटर गिराकर घर चले गए।

# मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक व माइक्रो ऑब्ज़र्वर को प्रशिक्षण दिया

**टोंक,( निसं )।** विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओम प्रकाश बैरवा के निर्देशन में मतगणना स्थल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में मतगणना को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए दो-दो मतगणना कक्ष का निर्धारण किया गया है।

प्रत्येक मतगणना कक्ष में 9-9 मतगणना टेबल होंगी जिनमें रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी की देखरेख में मतगणना कार्य को पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को कृषि ऑडिटोरियम में नियुक्त मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) ने प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतगणना प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए प्रेरित किया तथा पोस्टल बैलट, ईवीएम वीवीपेट की पर्चियां की काउंटिंग पर चर्चा कर शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्मिकों से कहा कि वह मतगणना के प्रत्येक चरण में सक्रिय रहकर कार्य को अंजाम दें। सभी अधिकारी मतगणना से संबंधित दिशा-निर्देशों का अध्ययन करें ताकि मतगणना कार्य में कठिनाई न हो। अपने कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखे और धैर्य के साथ मतगणना कार्य संपादित करें।

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी उम्मेदी लाल मीणा ने बताया कि कृषि ऑडिटोरियम में ईवीएम के लिए 84-84 गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर तथा पोस्टल बैलट के लिए 24-24 गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सूरज सिंह नेगी ने काउंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के लिए निर्देशित किया। प्रशिक्षण में मतगणना दलों को एसएलएमटी विमल कुमार जैन व कृष्ण गोपाल शर्मा ने पोस्टल बैलट एवं ईवीएम काउंटिंग का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर्स ने विधानसभा वार रैंडमली वीवीपेट की पर्चियां को गिनने का तरीका समझाया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्रकोष्ठ सहायक प्रभारी सरिता मल्होत्रा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप गार्डन के सामने दुकानों के निर्माण का विरोध

**चाकसू, ( निसं )।** नगर पालिका की ओर से कस्बे के बीचों-बीच स्थित मालारोई तलाई की भूमि को परिवर्तित कर जन सुविधा के लिए महाराणा प्रताप गार्डन विकसित किया जा रहा है।

इसी भूमि के पास इंदिरा मार्केट की ओर स्थित भूमि को लेकर कस्बे के स्थानीय लोगों ने जन सुविधा की भूमि पर अवैधानिक रूप से अतिक्रमण करके दुकान बनाने के सम्बन्ध में एवं निर्माण कार्य रोककर नाप जौक करने के लिए नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।


लोगों ने नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपालिका क्षेत्र चाकसू महाराणा प्रताप गार्डन के सामने पार्किंग पर वार्ड न. 17 मालारोई में, राजेन्द्र गुर्जर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा अध्यक्ष दी बार एसोसिएन चाकसू कमल किशोर कुमावत द्वारा कथित पट्टा (फर्जी) जो कि कार्यालय उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग जयपुर के आदेश कमांक 3660, 3663 दिनांक 23.03.2023 द्वारा निरस्त कर शून्य घोषित कर दिया गया था। तत्पश्चात अतिक्रमण कारियों ने अपने राजनैतिक प्रभाव से अतिरिक्त सिविल न्यायधीश संख्या 19 जयपुर महानगर प्रथम 26.10.2023 को बिना खसरा न. दर्शाये आदेश दिया गया कि पार्थी राजेन्द्र गुर्जर व नाथूलाल शर्मा, कमल किशोर कुमावत के प्रथम दृष्ट्या स्वामित्व व कब्जे को दर्शाया है तथा नगर पालिका को प्रार्थी गण के उक्त भूमि (बिना खसरा न.दर्शाये) के निर्माण उपयोग व उपभोग में कोई बाधा कारित नहीं करे। जिसका कोई ओचित्य नहीं है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका पर अपने राजनैतिक प्रभाव का दबाव व बार एसोसिएन अध्यक्ष द्वारा माननीय सिविल न्यायधीश से सांठ गांठ कर आदेश पारित कराया है जो कि सरासर जन सुविधा के विश्वास को आघात पहुंचा रहा है जिससे कि जन मानस विरोध करने में उतारू है। अतिक्रमण कारियों ने अपने फर्जी पट्टे के आधार पर बिना जगह चिन्हित कराये अतिक्रमण कर रखा है, अगर यह सही है तो प्रथम दृष्टया फर्जी पट्टे की जगह का सीमाज्ञान करावे। क्या जिस जगह अतिक्रमण कर रखा है वो जगह किस किस्म की है।

जिससे कि पता चले कि जन सुविधा के स्थान पर अतिक्रमण है या नहीं। नगर पालिका ने नियमानुसार निर्माण स्वीकृती जारी की है या नहीं। यदि की है तो किस आधार पर की है अवगत करावे। अगर नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण नही हटाया तो चाकसू जनमानस दो दिवसीय के पश्चात नगर पालिका घेराव कर ताला बन्दी करेंगें तथा तत्पश्चात धरना, दर्शन, आमरण अनशन करेंगें, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी।

## फुलेरा में मौसम की लुका-छिपी का दौर जारी

**फुलेरा, ( निसं )।** फुलेरा सहित आस पास के क्षेत्रों में पिछले करीब चार-पांच दिनों से मौसम के मिजाज में निरन्तर बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में कहीं वर्षा, कहीं ओले, कहीं कोहरा तो कही ओस देखने को मिल रही है।

जिससे दिन व रात के पारे में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मौसम के बदलने से लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरु कर दिये तथा चाट, मूंगफली, गजक, रेवड़ी, गर्म पकोडे की दुकानों पर रंगत आने लगी है। जानकारी के अनुसार मौसम के इस बदलाव से किसानों को गेहूं, जो, चने, सरसों की फसल में दोहरा फायदा होने की संभावना है।

इसके साथ ही पिछले कई दिनों से क्षेत्र रोजाना सुबह सुबह छाये कोहरे के कारण विजिबिलिट कम हो रही है। क्षेत्र की सड़कों पर कहीं-कहीं तो कोहरा इतना घना था कि मात्र 6 मीटर दूर की वस्तु और वाहन दिखाई नहीं दे रही थे। इसके चलते वाहन चालकों को वाहनों की लाईट भी दिखाई नही देने से चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक अभिमन्यु कुमावत ने बताया कि गुरुवार को प्रात: घना कोहरा होने के कारण काम से छुट्टी करनी पड़ी। इसके चलते दिन की मज़दूरी नहीं मिल पाई।

# ए.एस.आई. रामावतार चौधरी की इलाज के दौरान मृत्यु


सी.आर.पी.एफ. में सहायक उपनिरीक्षक रामावतार चौधरी का पैतृक गांव पावटा में अंतिम संस्कार किया।

**पावटा, ( निसं )।** सीआरपीएफ में दिल्ली में सहायक उपनिरीक्षक रामावतार चौधरी निवासी पावटा की मृत्यु का समाचार सुन पावटा कस्बा सहित आस पास के क्षेत्र में गमगीन माहौल हो गया व चारों ओर सन्नाटा पसर गया।

जानकारी देते हुए पारिवारिक सदस्य लोकेश एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित गोयल व सीआरपीएफ निरीक्षक जे एम झा ने बताया कि रामावतार जाट ज्योकि सीआरपीएफ में दिल्ली में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे 32 साल की सर्विस के दौरान के गंभीर बीमारी के चलते इलाज के दौरान नई दिल्ली स्थित सैन्य अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। वहीं मृतक सीआरपीएफ जवान रामोतार चौधरी का शव लेकर दिल्ली से सीआरपीएफ के पदाधिकारी व जवान उनके पैतृक आवास पावटा पहुंचे। जहां सीआरपीएफ के पदाधिकारियों व जवानों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर और श्रद्धांजलि देने व सैन्य समान के बाद उनके पुत्र अंकित चौधरी द्वारा मुखाग्नि देकर मृतक जवान के शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक जवान के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक की मां मिश्री देवी, पत्नी गीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है। सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक रामावतार जाट के परिवार में पत्नी और चार बच्चियों सहित एक लडका है। तीन बच्चियों का विवाह हो चुका है। एक पुत्री व पुत्र अंकित चौधरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। जवान की मौत की सूचना पर पावटा कस्बे सहित क्षेत्र में मातम छा गया। जवान के घर पर लोगों की भीड लग गई। सैनिक की अंत्येष्टि पर बडी संया में ग्रामीण एवं भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड, भाजपा नेता जगन चौधरी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल,दीप सिंह शेखावत सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम विदाई दी गई।

